चंदा मामा

283SKP

चंदा मामा आ जाना,
साथ मुझे कल ले जाना।
कल से मेरी छुट्टी है,
ना आए तो कुट्टी है।।

चंदा मामा खाते लड्डू,
आसमान की थाली में।
लेकिन वे पीते हैं आकर,
पानी मेरी प्याली में।।

थपकी दे–दे कर जब अम्मा,
मुझे सुलाती रात में।
सो जाता चंदा मामा से,
करता–करता बात मैं।।

– द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

अभ्यास

1. बताओ–

क. बच्चा चंदा मामा से क्या कह रहा है?

ख. चंदा मामा लड्डू किसमें खाते हैं ?

ग. बच्चा किससे बातें करते हुए सोता है?

2. किस दुकान की मिठाई खाओगे और क्यों ?



3. गोलाकार वस्तुओं को घेरो ◯ से। चौकोर वस्तुओं को घेरो ☐ से।



इनमें सरकने वाली वस्तुएँ .... इनमें लुढ़कने वाली वस्तुएँ ....

विभिन्न परिवेशीय वस्तुओं के माध्यम से गोलाकार, बेलनाकार, आयताकार व वर्गाकार की समझ विकसित करें। लुढ़कने वाली और सरकने वाली वस्तुओं की भी समझ बनाएँ।

कितना सीखा ?

1. **बताओ–**

(क) बतख ने चूजे की जान कैसे बचाई ?

(ख) स्टेशन पर क्या–क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए ?

(ग) पाँच अच्छी आदतें।

2. **लिखो–**

(क) यातायात के दो साधनों के नाम ....

(ख) रसोई की तीन चीजों के नाम ....

(ग) चार पालतू पशुओं के नाम ....

3. **गिनती को आगे बढ़ाओ –**

17							
							32

4. **उलटी गिनती लिखो –**

18							
							3

5. इकाई और दहाई बताओ –

39 = द. [ ] इ. [ ], 48 = द. [ ] इ. [ ], 91 = द. [ ] इ. [ ]

6. बताओ कितना ?

(क)

63	93	7	47
+26	+6	+61	+32
____	____	____	____

(ख)

54	49	75	17
–13	– 5	–4	–6
____	____	____	____

7. बोलो और लिखो –

रेणुका, स्टेशन, सिपाही, पुनः, वंश, धड़ाम–धड़ाम, आँख, पत्ता, ढक्कन, प्यारा, तंत्र, क्षमा, छाता।

....

....